# डी0एस0एस0पाल नैनीताल पब्लिक स्कूल श्यामखेत
# प्रबन्ध समिति और अभिभावक संघ की बैठक का सारांश
## दिनॉक–31 मार्च 2026

–शैक्षिक सत्र - 2026-27 के लिये

आज दिनॉक **31 मार्च 2026** मंगलवार समय प्रातः **11 बजे** अभिभावक संघ व प्रबन्ध समिति की वार्षिक बैठक विद्यालय सभागार में आयोजित की गयी। बैठक मुख्य रूप से माननीय अध्यक्ष अभिभावक संघ **श्री दिनेश चन्द्र आर्या** व माननीय अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्ध समिति **पूर्व सांसद डा0 महेन्द्र सिंह पाल जी** की अध्यक्षता में आयोजित हुवी। कोरम पूरा रहा व नियमानुसार आगामी शैक्षिक सत्र के लिये निम्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी।

1. **पिछली कार्यवाही की पुष्टी**– सर्वप्रथम पिछली कार्यवाही को सबके सम्मुख पढा गया व सर्वसहमति से पिछली कार्यवाही की पुष्टि की गयी।

2. **नवीन प्रवेश के लिये आयु निर्धारण**– नवीन प्रवेश के समय आयु विभागीय नियमानुसार कक्षा नर्सरी हेतु 3 वर्ष पूर्ण व कक्षा 1 हेतु 6 वर्ष पूर्ण होनी चाहिये व अन्य कक्षाओं में भी इसी कम में विभागीय आदेशानुसार प्रवेश लिये जायेंगे। इस प्रस्ताव को सभी के द्वारा स्वीकार किया गया। **प्रस्ताव सर्वसहमति से पारित।**

3. **नवीन शैक्षिक सत्र के लिये विद्यालय शुल्क का निर्धारण**– नवीन शैक्षिक सत्र के लिये नवीन शुल्क संरचना अभिभावकों के सम्मुख रखी गयी। पिछले शैक्षिक सत्र के शुल्क से विभागीय नियमानुसार मासिक शिक्षण शुल्क में 10 प्रतिशत (लगभग 75 से 80 रू0) की शुल्क वृद्धि की गयी। नवीन प्रवेश शुल्क में लगभग 200 रू0 की बढोतरी की गयी साथ ही इस बात पर भी चर्चा की गयी कि प्रवेश शुल्क केवल नवीन प्रवेश के समय लिया जायेगा। प्रति वर्ष प्रवेश शुल्क के नाम पर किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा वार्षिक शुल्क व परीक्षा शुल्क में किसी भी प्रकार की बढोतरी नहीं हुवी। इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार का डोनेशन व कैपिटेशन शुल्क नहीं लिया जायेगा। **वर्तमान सत्र के लिये शुल्क संरचना निम्नवत रही जो बिना किसी विवाद के सभी अभिभावकों द्वारा स्वीकार की गयी। शुल्क संरचना** School Website dsspalpublicschool.in में उपलब्ध है। **प्रस्ताव सर्वसहमति से पारित।**

(सत्य प्रतिलिपि)

अभिभावक ...
डी0एस0एस0पाल नैनी... पब्लिक स्कूल

| | | |
|---|---|---|
| New Admission Fee (For All Classes)<br>At the time of new admission | | 1500.00 |
| Annual Charge (Once a Year)<br>(For Pre-Primery Classes) | | 400.00 |
| Annual Charge (Once a Year)<br>(For Pre-1st to 8th Classes) | | 450.00 |
| Exam Fees (Twice a Year in October & March)<br>(Half Yearly & Annual Exam) | Pre-Primery Section | 200.00 |
| Exam Fees (Twice a Year in October & March)<br>(Half Yearly & Annual Exam) | Class 1st to 8th | 250.00 |
| Monthly Tution Fees | Pre-Primery Section | 810.00 |
| Monthly Tution Fees | Class 1st & 2nd | 820.00 |
| Monthly Tution Fees | Class 3rd & 4th | 830.00 |
| Monthly Tution Fees | Class 5th to 8th | 850.00 |

4. <u>पाठ्यक्रम के सम्बंध में</u>– नवीन शैक्षिक सत्र में हर वर्ष की भांति कक्षा 1 से कक्षा 8 तक विभागीय नियमानुसार सभी अनिवार्य विषय में **एन0सी0ई0आर0टी0 या उत्तराखंड राज्य के एस0सी0ई0आर0टी0** का पाठ्यक्रम उपयोग में लाया जायेगा। जिन विषयों में एन0सी0ई0आर0टी0 / एस0सी0ई0आर0टी0 का पाठ्यक्रम / पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं वैकल्पिक विषय के रूप में केवल **हिन्दी व्याकरण**/English Grammer/Computer जो कि बच्चों के शैक्षिक विकास के लिये अनिवार्य हैं उन पुस्तकों को लगाने की सिफारिश अभिभावकों के सम्मुख रखी गयी। इन विषय में बाजार में उपलब्ध सबसे सस्ते मूल्य की Phoenix Publication की पुस्तके उपयोग में लायी जायेंगी। जो कि 20 प्रतिशत discount के साथ नजदीकी भवाली व नैनीताल व हल्द्वानी Market में आसानी से उपलब्ध हैं। इसी प्रकार पूर्व प्राथमिक कक्षाओं हेतु भी जिनमें **एन0सी0ई0आर0टी0 या उत्तराखंड राज्य के एस0सी0ई0आर0टी0** का पाठ्यक्रम उपलब्ध नहीं हैं उन कक्षाओं में भी केवल जरूरी किताबें लगाने की सिफारिश की गयी। बाजार में उपलब्ध सबसे सस्ते मूल्य की किताबें जो कि 20 प्रतिशत discount के साथ नजदीकी भवाली व नैनीताल की Market में आसानी से उपलब्ध हैं। जिनमें सभी अभिभावक अपनी सुविधा अनुसार

(सत्य प्रतिलिपि)

कॉपी/किताबें बाजार से ले सकते हैं किसी भी एक दुकान से लेने की बाध्यता नहीं है। जिस भी कक्षा/विषय में **एन0सी0ई0आर0टी0 /एस0सी0ई0आर0टी0/ की किताबें उपलब्ध हैं उन सभी कक्षाओं और विषयों में किसी भी प्रकार के अन्य प्रकाशन की किताबें उपयोग में नहीं लायी जायेंगी। उन सभी विषयों में किसी भी प्रकार की गाईड/Reference Book उपयोग में नहीं लायी जायेगी इस प्रकार का कोई भी दबाव व बाध्यता नहीं है।** सभी अभिभावकों की सुविधा हेतु किताबों का नाम व मूल्य School Website **dsspalpublicschool.in/ School Notice Board** में उपलब्ध हैं। **प्रस्ताव सर्वसहमति से पारित।**

5. **विद्यालय गणवेश के सम्बंध में–** विद्यालय गणवेश में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं है विगत वर्षों से जो गणवेश चला आ रहा है वो ही लागू किया गया है। जो कि सामान्यतः बाजार में आसानी से उपलब्ध है। किसी भी दुकान से गणवेश खरीदने की बाध्यता नहीं है। **प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित।**

6. **आर0टी0ई0 प्रवेश के सम्बंध में–** विद्यालय में नियमानुसार सबसे छोटी कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों के तहत (06निर्धारित स्थानों पर) निःशुल्क प्रवेश दिये जायेंगे। जिनसे किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा। जिस हेतु अभिभावक स्वयं ऑनलाईन आवेदन कर हार्ड कापी सभी आवश्यक अभिलेखों सहित विद्यालय में जमा करेंगे। ताकि प्रधानाचार्य द्वारा हस्ताक्षरित कॉपी नियमानुसार खण्ड शिक्षा अधिकारी काय्रालय में जमा की जा सके। आवश्यक दस्तावेजों में बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र/पिता का आय प्रमाण पत्र (जो कि 1 वर्ष से ज्यादा पुराना ना हो)/बच्चे का जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति हेतु) /बच्चे का स्थायी निवास प्रमाण पत्र/बच्चे व पिता का आधार कार्ड/परिवार का राशन कार्ड। **प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित।**

**अन्त में कोई प्रस्ताव नहीं आने पर सभा को समाप्त घोषित किया गया।**

हस्ताक्षर अभिभावक संघ

1. श्री दिनेश चन्द्र आर्या
   अध्यक्ष, अभिभावक संघ

2. श्री कमलेश चन्द्र पाण्डे
   उपाध्यक्ष अभिभावक संघ

3.आशीष पाण्डे
प्रधानाचार्य/सदस्य, सचिव

अन्य पदाधिकारी व सदस्य

| | | |
|---|---|---|
| 04 | MR. ANIL JOSHI | **JOINT SECRETARY** PARENT ASSOCIATION |
| 05 | MRS. RASHMI RANA | PARENT MEMBER |
| 06 | MRS. RADHA MITTAL | PARENT MEMBER |
| 07 | MRS. JYOTI YADAV | PARENT MEMBER |
| 08 | MRS. KAVITA ARYA | PARENT MEMBER |
| 09 | MRS. DEEPA ARYA | PARENT MEMBER |
| 10 | MR. KAMAL SAH | PARENT MEMBER |
| 11 | MR. NAVEEN CHANDRA ARYA | PARENT MEMBER |
| 12 | MR. KRISHNA NAND ARYA | PARENT MEMBER |
| 13 | MRS. NIRMALA BHAISORA (V.PRINCIPAL) | **TEACHER MEMBER** REPRENTTATIVE OF TEACHERS |

हस्ताक्षर प्रबन्ध समिति

डा0 महेन्द्र सिंह पाल
अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति

डा0 महेन्द्र सिंह पाल (पूर्व सांसद)
अध्यक्ष
देव शमशेर सिंह पाल कल्याण समिति
(वि0 प्रबन्ध समिति) नैनीताल

बहादुर सिंह पाल
उपाध्यक्ष, प्रबन्ध समिति

BAHADUR S. PAL
V. PRESIDENT

मीना पाल
प्रबन्धक

प्रबन्धक
डी0एस0एस0 पाल नैनीताल पब्लिक स्कूल
(अशासकीय हाईस्कूल)
श्यामखेत भवाली

सत्य प्रतिलिपि